(२) अंजीर

नाम

संस्कृत—अंजीर
हिंदी—अंजीर
अंग्रेजी—फिगट्री Figtree
फारसी—अंजीर
अरबी—तीन
पंजाबी—हजीर
बंगाली—अंजीर
मराठी—अंजीर
गुजराती—अंजीर
कर्णाटकी—मेडु येड्डु
लैटन—फाईकसकेरिका

गुण

एक वलायती मेवा है मीठा है रंग इसकालाल व काला होता है, मिरगी, फालज और बलगमके लिये लाभकारी है पेशाब का मुशकल से आना या गुरदा पतला पडजाना इनके लिये लाभकारी है पचने में स्वादी है और लहू के विकार वा अधरंग को दूर करे है, ताज़ी अंजीर सूखी से ज्यादा लाभकारी है इसका शर्बत खांसी को दूर करता है, तासीर गर्मतर है मात्रा ५ दाने तक ॥

बदला—चलगोज़ा

(३) अगर

नाम

संस्कृत—अगर

हिंदी—अगर

अंग्रेज़ी—ईगलवुड
Eagewood

अरबी—ऊदगरकी

फारसी—कशवेववा

पंजाबी—अगर

बंगाली—अगर

मराठी—अगर

गुजराती—अगर

गुण

ए.. सुगंधित भूरे रंग की लकड़ है जो पानीमें डूब जाती है कौड़ी है। वात, पित्त, कान के रोग और कोड़ का नाश करनेवाली है, पट्ठों को ताकत दे। खफकान और रैहम की सरदी के दूरकरने वाली है और सुद्दा खोले लेप करने में सभ:से अच्छी है तासीर गर्म खुश्क है मात्रा ३ माशे॥

बदला—दालचीनी, लौंग, केशर॥

(४) अमलतास

नाम

संस्कृत—आरगवद्ध

हिन्दी—अमलतास बघनबहेड़ा

पंजाबी—अंबलतास

तैलंगी—रक्तकाया

अंग्रेज़ी—पुडिंगपाईपट्री

pudding piPetree

फारसी—ख्यारेशंबर

अरबी—फलूस ख्यारे शंबर

बंगाली—सोनालू

मराठी—बहवा

गुजराती—गुरमालो

कर्णाटकी—हेगाको

लैटन—केश्याकि सचुला

नैपाली पहाडी—दिफोगजवृक्ष

गुण

इसका बड़ा वृक्ष होता है पत्र लाल और फूल पीले लगते हैं फली इसकी डेढ हाथ लंबी गोल होती है जो पहिले सबज और पकनेपर काली होजाती है इसका गूदा इस्तमाल में आता है लोहू का जोश दूर करे स्वादी है बाई और सूल कोदूर करे दस्तावर है बचों औरगर्भवती स्त्रियों के लिए लाभकारी है यह एक अच्छा जुलाब है जो बचों और गर्भवती स्त्रियों को नुकसान नहीं पहुंचाता इसके पत्र कफ को दूर करते हैं और मल को ढीला करते हैंतासीर गर्म तर है ॥

बदला—तरंजबीन ॥

(५) अनार

नाम	गुण
संस्कृत—दाड़िम तैलंगी—डानिम्मचेट्टू अंग्रेजी—पमग्रनेट pomegranate फारसी—अनार अरबी—रुम्मान पंजाबी—अनार कर्णाटकी—दालिंब गुजराती—दाड़यम बंगाली—दाड़िम मराठी—डालिंब लैटन—पयुनिकाग्रानेटम तामिली—मादलई चेद्देडी नैपाली पहाडी—धालेंदाड़िम	अनार तीन प्रकार का होता है (मीठा, खट्टा, खटमिठा) मीठा अनार अफारा करताहै पेशाब लाता है जिगर को ताकत देता है प्यास बुझाता है इसका अर्क और छाल दस्त बंद करते हैं ॥ खट्टा अनार सरद खुश्क है मेधा जिगर और सीनेकी हरारत बुझाताहै पित्तके दस्त और क के लिये लाभकारी है ॥ खटमिठा अनार सरद तर है मेधा और जिगर को ताकत देता है इसका पानी निचोड़कर पीने से सफरावी दस्त कै और हिचकी दूर होती है। तासीर मीठे की सर्द

खुश्कमोहतदिलऔरखट्टेकीसर्दतरहै।अनारकेछिलकेकोनसपालकहतेहैं॥

(६) अगस्तीया

नाम

संस्कृत—अगस्तिया
हिन्दी—अगस्तिया हदगा
तेलंगी—अर्नीसे अविसि
अंग्रेजी—लार्जफलावर्ड एगेटा
Large Flowered Agita
पंजाबी—अगस्तीया
बंगाली—बक
कर्णाटकी—अगसेपमरनु
तामिलि—अरगति
मरहाटी—अगस्ता
लैटन—एगाडीगलांडा फलोग
गुजराती—अगथियो

गुण अगस्तिया

शीतल है रूखा है कौड़ा पित्त और कफ को दूर करे चौथीए ताप को भी हटावे है; रतोंधे को दूर करे और पीनस रोग के लिये भी लाभकारी है गर्मी दूर करे। इसके पत्र सैंजने जैसे होते हैं अकसर करके इसके ऊपर नागर बेल चढ़ती है फूल इसके लाल और सफेद होते हैं इसकी फली बड़ी नर्म होती है तासीर सर्द खुश्क है ॥

(७) अड़ूसा

गुण अड़ूसा

नाम

संस्कृत—वासक, आटरूख
हिन्दी—अड़ूसा, विसोंटा
तेलंगी—आडसारं, आडापाकु
पंजाबी—बांसा
गुजराती—अरडुशो
कर्णाटकी—आड़सोग
तामिलि—अघडोडे
मरहटी—अडुलसा
बंगाली—वकस
लैटन—अधटोंढा, वासीका
नैपाली पहाड़ी—अलेहु

एक बूटी छे उंगल ऊंची बेद की तरां है फल इसके सफेद और पत्र सब्ज लंबे अनीदार अमरूत की तरां होते हैं एक लाल फूल का भी होता है स्वाद इसका फीका होता है फूल इसका दिक और सफरा की तेजी लहू का जोश पेशाब की जलन को हटाता है कौड़ा औरकसैला है दिलको फैदा देवे आवाज साफ करे और हलका है खांसी तप प्यास वमन और कोढ़का नाश करे पेशाब की लाली दूरकरे इसकी जड़ दमा, खांसी, तप, बलगम के वास्ते अच्छी है इसके खाने से हैज जारी होता है तासीर गर्मखुश्क है और फूल ठंडे होते हैं॥

(८) अनानास

नाम

संस्कृत—अनंनास
हिन्दी—अनानास
अंग्रेजी—पाईन एपल
मरहटी—अननस
पंजाबी—अनानास
गुजराती—अनंनास

गुण

एक मेवा शरीफे की शकल का होता है जो बाहिर से लाल और अन्दर से जरद होता है और स्वादी होता है दिमाग और जिगर को ताकत देनेवाला खफकान को दूर करे कम जोरी और सिर दर्द मिजाज वाले को ताकत दे सफरावी हरारत को दूर करे यह मेवा हिन्दुस्तान में थोड़े चिर से आया है तासीर ठंडातर है मात्रा २ तोला।
बदला—सेब

अनंत मूल २

नाम

संस्कृत—सारिवा
हिंदी—अनंतमूल गोरीसर कालीसर
पंजाबी—धमांह
तैलंगी—नीलतिग
अंग्रेजी इंडीयन सारसा
Indian sarsa Parila
बंगाली—श्यामलत
गुजराती—कपरी
कर्णाटकी—सारिवा
लैटन—होमिडेसमेस
मराठी—उपलसरी
नैपाली पहाड़ी—दुरुकोर्सी

गुण

गोरीसर मलरोधक गरमी और लहू के विकार को दूरकरे ठंडीहै और कालीसर वात, लहू का विकार, पेशाब वमन और तप को दूर करे, बलगम को दूर करे, कालीसर और गोरीसर की बेल होती है, पत्र इस के अनार जैसे होते हैं, और पत्रों में सफेद छींटे होती हैं और बेल की जड़ में से कपूर कचरी की तरां सुगंधी आती है और इसमें २ फली होती हैं ॥

अलसी१०

नाम

संस्कृत—अतसी
हिंदी—अलसी
तैलंगी--नलपगसिचेटू
अंग्रेजी--कामन फलेकससीड
common Flax seed
फारसी--तुखमेकतान
अरबी--बजरुलकतांन
मराठी--जवस
कर्णाटकी--असगे
लैटन--लींनीसेमीना
बंगाली—मसिना

गुण

अलसी मधुर बलदायक कुछ कदर वात और कफ करने वाली पित्त और कुष्ट को दूर करे, भारी है फोड़ा, पेटदरद और सोज का नाश करे है पेशाब जारी करे, मसाने की पथरी तोड़े, सुवाद कौड़ा, वीर्य्य का नाश करे, इस के पत्र खांसी, कफ, वात और स्वास रोग को दूर करते हैं। एक छोटे२ बीज होते हैं रंग लाली पर और अनाज की तरां पैदा होते हैं तासीर गर्म खुशक मात्रा १० मासे॥ बदला–मेथी

(११) असगंध

नाम

संस्कृत--अश्वगंधा
हिंदी--असगंध
तैलंगी--पिल्लिअंगा
अंग्रेजी--विंटरचेरी
winter cherry
फारसी--मेहमन बररी
बंगाली--अश्वगंधा
मरहटी--असकंध
गुजराती--अखसंध
करणाटकी--असादु
लैटन--फाईसेलिस
नैपाली पहाड़ी--असवगंध

गुण

इसकी झाड़ी होती है फल पनसोखे की तरां गोल होते हैं उसके नीचे छोटी मूली की तरां होती है जो अंदर से ज़रद होती है इसको असगंध कहते हैं कौड़ी और कसैली होती है वीर्य को बढ़ानेवाली खांसी, स्वास, रोग सोज और गंठिया के लिये लाभकारी है ज़खमों के लिये भी अच्छी है शरीर को बल देनेवाली बात कफ और सफैद कुष्ठ को दूर करे और बलगम की खराबियों को दूर करे है। इसके पत्तों का लेप गंठीए के लिये लाभकारी है तासीर गर्म खुश्क है। मात्रा ५ मासे॥

नाम

संस्कृत—अग्नीमन्थ
हिन्दी—अरणी, अगेथु
पंजाबी—चित्रा
तैलंगी—नेलिचेट
बंगाली—गणिर
मराठी—सोरइल
करणाटकी—नरूवल
लैटन—कलोरेडन
नैपाली पहाड़ी—गिन्यारी

गुण

एक झाड़ की शकल का दरख्त है पत्ते गोल और छोटे खरखरे होते हैं। फूल सुफेद और फल करोंदे की तरह छोटे होते हैं। कफ, सोज बवासीर पांडु रोग विष और मेदरोग का नाश करे बलदायक है और वात को दूर करे है छोटी अरणी के गुण भी समान हैं किन्तु उपनाह में इसका लेप हितकारी है और सोज को दूर करे। तासीर गरम तर है मात्रा ६ मशे॥

नाम	गुण
संस्कृत—आमलकी हिन्दी—आमला पंजाबी—औला तैलंगी—उसरकाव अंग्रेजी—ऐंबलक मिरोबेलन Emblic may Robalan फारसी—आमलज गुजराती—आंवला करणाटकी—नेली लैटन—फिलोंखस एंबिलक नैपाली पहाड़ी—अंब, आवला	एक मशहूर फल है गोल ज़रद रङ्ग कुछ कसैला सवाद होता है कावज़ है, मेधा और आंदरां को साफ करे दिलको ताकत देवे नेत्रों और दमाग़ को भी ताकत देता है वालों के लिये लाभकारी है लहू का विकार तप कै, अफरा और सोज को दूर करे है सौदावी मुवाद को निकाले है और सूखे औले खट्टे कसैले वीर्य को बढ़ानेवाले और

नेत्रों के लिये लाभकारी हैं और शरीर पर लेप करने से कान्ति बढ़ती है इस के बड़े २ दरखत जङ्गलों बागों में होते हैं तासीर सरद खुशक है मात्रा १० माशे ॥

बदला—काल।हरीड़ ॥

(१५) आलू बुखारा

नाम

संस्कृत—आरुक
हिन्दी—आलू बुखारा
अंग्रेजी—चैरी पलम पून
Cherry Plum Pune
फारसी—आलूचा
अरबी—इज्जास
कर्णाटकी—आरुक
मरहटी—बीरारुक
गुजराती—आलु
लैटन—पूनमकोमयनीस

गुण

एक मशहूर खट्टा फल है तबीयत को नर्म करे सफरावी बुखार को दूर करे लहू और सफरा के जोश को दूर करे है शरीर की हरारत और पित्त को हटावे है दस्तावर है हाजमा है तासीर सरदतर है बवासीर के लिये भी लाभकारी है इसके दरखत अकसर अरके वलख बुखारे और सिंहल द्वीप में होते हैं एक देशी आलूबुखारा इस देश में भी उत्पन्न होने लगपड़ा है रंगलाल होता है मात्रा १५ दाने तक।
बदला—ईबली॥

अमरूद १५ 23

गुण

इसके दरख्त अकसर बागों में होते हैं पत्ते इसके आम के पत्तों से कुछ छोटे फल इसके वर्षा और शिशरऋतु में होते हैं फल कई अन्दर से लाल और कई सफैद होते हैं, तासीर ठंडी तर स्वादु होते हैं कफ करनेवाले वात और वीर्य को बढ़ाने वाले दिलको ताकत देते हैं खफकान का नाश करे दमाग को तर करे और पित्त को दूर करते हैं रोटी खाने से पहिले खाने पर कबजी करते हैं इसके पत्ते दस्तों को बन्द करते हैं और सड़ेहुए पत्ते नीलेथोथे का काम देते हैं। तासीर ठंडीतर है।

बदला—बीह

नाम

संस्कृत—पेरुक अमृतफल
हिंदी—अमरूद
तैलंगी—जामांपंडु
अंग्रेजी—गवावार्वट
फारसी—अमरूत
अरबी—कमशरी
मराठी—पांढरेपेरू
गुजराती—जामफल
लैटन—सिडीयं
पँजाबी—अमरूत

इलायची छोटी १७

नाम

हिन्दी—छोटी इलाची सफेद इलाची
बंगाली—छोटी एलाच
गुजराती—एलचीका गदी
मराठी—वेलची
तैलंगी—एलाकु
फारसी—हैल हिल हाल
अरबी—काकिले सिगार
अंग्रेजी—शिलिसर, कार्डामोम
Sheleser, Cardamo
लैटन—इलेटिरिया कार्डामोम

गुण

इसके बूटे अदरख की तरह होते हैं फूल सफेद और सुगंधित लाल इलाची की तरह होते हैं इसके बीज काले होते हैं सुवाद कुछ कौड़ा और ठंडी होती है सीना हलक और मेदे की रतूवतों को खुशक करती है खफकान के, उवाक, जीमचलाना और मुंह की बू को हटाती है गुरदे वा मसाने की पथरी तोड़े खांसी और बवासीर को भी दूर करे मात्रा ३ या ४ माशे ॥
बदला—बड़ी इलाची

१८ इन्द्रायण

नाम

संस्कृत—इंद्रवारुणी
हिन्दी—इंद्रायण
पंजाबी—तुमां
तैलँगी—एतीपुच्छा
अंग्रेजी—कोलोसिंथ
Colocynth
फारसी—खुरपजा तलख
अरबी—हंजल
बंगाली—राखालशशा
गुजराती—इंद्रवारणीयुं
कर्णाटकी—हामेके
मरहटी—लघुइंद्रवण
लैटन—सिट्रल

गुण

इसकी वेल अकसर करके खारी जमीन पर पैदा होती है फूल छोटे २ कंडयां वाले और फल पीले रंग के पत्र सावे इंद्रायण के फल या मूल के साथ जुलाब दियाजाता है बलगम और गलाजत को दस्तों की राह निकाले मरद मरजों के लिये लाभकारी है दमाग को साफ करे मवाद फोड़ा उदर रोग, कफ, कोढ़, और ज्वर को हरे है पांडु रोग और सब तरह के पेट के रोग दूर करे तासीर गर्म खुराक मात्रा १ मा- शे से ३ माशे तक ॥ बदला—हुम्बलनील

इलायची बड़ी १६

नाम	गुण
संस्कृत—स्थूलैला	मोटी इलाची पाक में स्वादी
हिन्दी—बड़ी इलाची	है हलकी है कफ और वात को
फारसी—हैलकला	दूर करने वाली प्यास मुख के
अरबी—काकिले किबार	रोग और शरीर रोग को दूर
पंजाबी—मोटी लाची	करे है हाजमा और पथरी के
अंग्रेजी—लार्ज कोर्डामोम Large cardamom	लिए लाभकारी है मेधे को ताकत देती है दस्त बन्द करे ता-
मराठी—थोरवेला	सीर गर्म खुष्क है, मात्रा ५ माशे।
गुजराती—मोटी एलची	बदला—छोटी इलाची
कर्णाटकी—परड़लकी	
लैटन—एमोम सुब्युलेटम्	

सोंठ २०

नाम

संस्कृत–सुंठी
हिन्दी–सोंठ
पंजाबी–सुंढ
तैलंगी सोंठी
अंग्रेजी–डाईजिंजर
Dygingar
फारसी–जंजबील
बंगाली–सोंठ
गुजराती–सुंठय
करणाटकी–सुंठि
मराठी–सुंड
नैपाली पहाड़ी–शुंवो

गुण

एक प्रकार की जड़ होती है जिसका रंग सफैद मिट्टी की रंगत का होता है मेदा जिगर को ताकत देवे है, हाजमा है बलगम को निकाले है, कै बंद करे, फालज और सरदी के दर्द को दूर करे है, पेट और आंतों के कीड़े मारे है, कंडू रोग संग्रहणी और पित्त का नाश करे खाने में स्वादी है वमन, शूल खांसी दिल के रोग और संग्रहणी का नाश करे, तासीर गरम खुराक है मात्रा ७ मासे।

बदला–दार फिलफिल

नाम

मंसकृत–कडुपर्णी, स्वर्णक्षीरी
हिंदी–सत्यानासी कटेरी (चोक)
पंजाबी–ममोली
अंग्रेजी–गोवेंभ्रथिसल
Gamboge Thistle
बंगाली–स्वर्णक्षीरी
मराठी–कांटेधो
गुजराती–दारुडी
करणाटकी–चिकवणिकेपभेद
लैटन–आरगिमनी
नैपाली, पहाड़ी–सेहुढभेद

गुण

इसकी झाड़ी कांटेदार होती है पत्तों के ऊपर कांटे होते हैं फूल पीला होता है इसके दूधका रंग सुनैहरी होता है फूलों पर भी कांटे होतेहैं फूलों में से काले बीज निकलते हैं बीजों से तेल निकलता है यह तेल कई तरां के त्वचा रोगों को नाश करता है सुवाद कौड़ा होता है सत्यानाशी कफ, रक्त पित्त और कुष्ट को दूर करती है पथरी और सोज का भी नाश करती है दस्तावर है इस की जड़ को चोक कहते हैं, तासीर गर्म खुशक है ॥

सरसों ३९

नाम

संस्कृत–सरषप
हिंदी–सरसों
तैलंगी–पाचाओशवालू
अंग्रेजी–सिनापिसग्रालवा
sinapisallea
फारसी–सरपप
अरबी–उरफे अर्बीयद
पंजाबी–सरहों, चिट्टी सरहों
बंगाली–सरिसा
गुजराती–शरशव
कर्णाटकी–बिलीवमासेव
मराठी–शिरस
नेपाली पहाड़ी–तुयुरका

गुण

सरसों चरपरी, कड़वी, तेज गरम, अग्निदीपक कुछ रूखी वात कफ कुष्ठ, शूल, कृमि, और पीड़ा को दूर करे सफेद सरसों चरपरी, कौड़ी, गरम, बवासीर, त्वचा के रोग सोज, जखम और विषका नाश करे सरसों के पत्तों का शाक अमल पित्त कारक कसैला भारी स्वादी गरम खारी और कफहारी है। सरसों एक प्रकार का धान है इस का दाना राई के बराबर होता है इसका तेल निकलता है मशहूर है। तासीर गर्म खुराक माना ६ मासे बदला अलसी वा राई

गुण

एक प्रकार का घास होता है पत्र नील की तरां होते हैं फूल लाल और बारीक फलीयां के ऊपर रुयां होती है दूसरी प्रकार की फलीयों के ऊपर रुआं नहीं होती श्वेत सरफोंका पृथ्वी पर फैला होता है पत्र लाल और फूल श्वेत सरफोंका लहू साफ करे सुद्दा खोले खांसी, दमा बवासीर दिलके रोग और बलगम को दूर करे है सौदावी बुखार और जिगर तिली की बीमारी फोड़ा फुंसी सरतान और आतशक दूर करे इसका अर्क जहरीला होता है लाल से श्वेत अधिक गुणकारी होता है और रसायण में काम आता है तासीर गर्म तर मात्रा ४ मासे ॥ बदला–मुर्दा

नाम

संस्कृत–शरपुंखा
हिंदी–सरफोंका
तैलंगी–प्रांपोराचट्ट
अंग्रेजी–परपलेट परोफिया
Purpletphrsia
पंजाबी—गोमा, मुठालाबूटी
बंगाली–बननील
मराठी—उनहाली
लैटन—टेफरोर्फाया
फारसी–परमल ऐफरोशीया

नाम

संस्कृत–शणपुष्पी
हिंदी–सन, भुनभुनियां
तैलंगी–शन मनुवेल
अंग्रेजी–फलाक्सहेंप
Elax Hamp
फारसी––लादना
बंगाली––वनशनई
मराठी––ताग
गुजराती–शण
करणाटकी–गिलुगिचि
लैटन–क्रोटेलेरीया

गुण

इसकी खेती हिंदुस्तान के बहुत स्थानों पर होती है झाड़ा अंडे की तरां पत्र फलाकार फूल पीले फल लंबा और खोखला होता है काम में बीज और पत्र आते हैं। सन कड़वी, कसैली खट्टी मल को दूर करने वाली बलगम, अजीर्ण तप और रक्त विकार को दूर करे पारे को बांधने वाली है गर्म वात कफ और अंगों के टूटने को दूर करे

इसका फूल प्रदर रोग और लहू विकार को दूर करे है॥

शीशम २५

नाम

संस्कृत—शिंशपा
हिंदी—सीसम्
पंजाबी—टाहली
तैलंगी—जिट्टे गुचेट्ट
अंग्रेजी—बलैकवुड सिसट्री

Black Wood sissotree

अरबी—सासम्
बंगाली—शिशुपाल
करणाटकी—कारीपहविड्ड
गुजराती—शिशम्
मरहटी—कालाशमवी
लैटन—अलबरजीया
नैपाली पहाड़ी—सिसो

गुण

इसके वृक्ष जंगलों में बड़े२ होते हैं पत्र इसके नोक दार बेरी की तरां होते हैं फूल बहुत छोटे २ और गुच्छे में होते हैं फली इस की बहुत पतली और चपटी होती है इस में से छोटे२ चपटे बीज निकलते हैं इसकी छाल कल-त्तनी भूरे रंग की होती है काले रंग के सीसम भी इसी प्रकार के होते हैं मेदे के रोग श्वेतकुष्ट वमन फोड़ा दाह लहू का विकार और कफ को हटाने वाला है, तीनों प्रकार के सीसम वर्ण को सुन्दर करने वाले हैं तासीर गर्म खुश्क मात्रा ८ माशे है ॥

सिंघाड़े २६

नाम

संस्कृत—शृंगाटक

हिन्दी सिंघाड़े

अंग्रेजी—वाटर केलटराप
Water calteop

फारसी—सुरंजान

गुजराती—शिंगोंडा

बंगाली—पाणिफल

मराठी—शिंगाडे

तैलंगी—परिकेगड्ड

गुण

सिंघाड़े सरोवरों में होते हैं इस को तीन २ धार वाले फल लगते हैं इस की गिरी को सुका कर रखते हैं वीर्य को बढ़ाने वाले वात और कफ को दूर करते हैं ताकत देते हैं तप और गुरदे की खांसी लहू या दिलकी मोज को दूर करते हैं मसूड़ों को ताकत देते हैं दंद साफ करते हैं और मुंह से लहू आने के लिए लाभकारी हैं तासीर ठंडी खुश्क है॥

२७ सौंफ

नाम

संस्कृत—मधुरिका
हिन्दी—सौंफ
अंग्रेजी—फैनलसीड
Fenel seed
फारसी—बादीयां
अरबी—राजयानज
नैपाली पहाड़ी—लफ
बंगाली—मौरी
गुजराती—वरियाली
कर्णाटकी—कासंद्धसिगे

गुण

एक घास का बीज होता है रंग पीला सब्ज़ सुवाद कुछ मीठा दिल की दरद को आराम दे है दस्त खांसी और दर्मे को दूर करे हैं हाज़मा है पेट दर्द को दूर करे बलगम तप सूल नेत्रों के रोग और प्यास को दूर करे पेशाब लावे भूख बढ़ावे गुरदे और मसाने के सुद्दे को खोले तासीर गर्म खुश्क है मात्रा ९ माशे।
बदला—तुखम खरफस

२८ सोया

नाम

संस्कृत---शतपुष्पा
हिंदी---सोया
तैलंगी --पेद्दसदापचेट्ट
अंग्रेजी---डिलसीड
Dillseed
फारसी---शूत, तुरामेशूत
अरबी---शीतवत
बंगाली---सुलफा
मरहटी---भालतसोप
गुजराती---शवनीभाजी
कर्णाटकी---संजमिगे
लैटन---ऐंही गेवी येलेनिम
नैपाली पहाड़ी---सेदमेद

गुण

एकप्रकार का शाक है फूल पीले छतरदार होते हैं रंग सब्ज़ हाजमा है पेचश दूर करे सिरदर्द खांसी, दमा, आदि को दूर करे जठराग्नी दीपन करे तप, वात, नलगम और फोड़ा, शूल और योनी शूल को दूर करे नेत्र रोग के लिए भी अच्छा है सुवाद कौड़ा इसके पत्र छोटे २ होते हैं तासीर गर्म खुश्क है

बदला---सोए के बीज

२८ शतावर

नाम

संस्कृत—शतावरी
हिंदी—शतावर
तैलंगी—एदूमर्टी एंगाचल
अंग्रेजी—ऐमपेरेगसरेसि मोसम
Aspàr gus Racemosue
फारसी—गुरजदस्ती
अरबी—शकाकल मिशरी
बंगाली—शतमूली
मरहटी—शतावरी
गुजराती—शतावरी
कर्णाटकी—असडो
लैटन—एसपेरेगस
नैपाली, पहाड़ी—अंभ दा

गुण

शतावर भारी बल देनेवाली आंखों के लिए लाभकारी है, स्तनों में दूध के बढ़ाने वाली वात रक्त पित्त और सोज को दूर करे है ताकत पैदा करे मेधा जिगर व गुरदे को नर्म करे बलगम दूर करे मनी गाढ़ी करे सुजाक व ववासीर को दूर करे इसकी बेल जंगलों में होती है, बेल का रंग सफेद और पत्र छोटे२ होते हैं बेल के कंडे बहुत होते हैं फूल सफेद और छोटे २ लगते हैं यह सावन में हरी होती है और फूल लगते हैं तासीर गर्म खुश्क है मात्रा ७ माशे।

बदला—बैहमन सफेद

शंख पुष्पी (संखाहुली)२०

नाम

संस्कृत—शंखपुष्पी
हिंदी—संखाहुली
पंजाबी—कोडियाली
बंगाली—शंखाहुली
मरहटी—शंखावली
करणाटकी—शंखपुष्पी
गुजराती—शंखावली
लैटन—ईवोलम्यूलस
नैपाली पहाड़ी—शंखपुष्प

गुण

यह एक बूटी है तीक्षण कसैली स्मर्ण शक्ति को बढ़ाने वाली बल देने वाली हाज़मा है मुंह से लार गिरना और ज्वर को दूर करने वाली हैं उबाक मृगी कुष्ट कृमि आदि को दूर करें है, इस का छत्ता अकसर कर के उपर भूमीमें होता है पत्ते छोटे२ घूमर रंग के और फूल दुपेहरीए फूल की तरां लगते हैं फूल तीन प्रकार के होते हैं श्वेत, लाल, और नीले। तासीर गर्म खुशक है ॥

३१ शातला

नाम

हिंदी—शातला
फारसी—एशन
अर्बी—सातर
बंगाली—जिसविशेस
मरहटी—निवंडु गाचरभेद
गुजराती—मावेर
कर्णाटकी—चड़ी लमोतली
लैटन—ओरीगॅन

गुण

शातला पचने में हलका कफ पित्त और लहू के विकार को दूर करे ज़ख़म फोड़े आदिको हटावे दस्तावर है औरसोज- को दूर करे दिल को फैदा करे कोड़ ववासीर कृमि और गोले को दूर करे है इस की बेल जंगलों और वनों में होती है पत्ते खैर के पत्तों की तरां छोटे २ फल पीले इन में चपटी फली लगती है और बीच में से काले बीज निकलते हैं इस में से पीले रंग का दूध निकलता है तासीर ठंढी है ॥

सर्द चीनी ३२

नाम

हिंदी—कंकोल, कबाबचीनी
मराठी—कंकोल, कापूर चीनी
गुजराती—चणकबाब
कर्णाटकी—कंकोल ड्र
तैलंगी—कबाब चीनी
अंग्रेजी—क्युबेबपेपर
Cubeb Pepper
लैटन—क्युबेबा
फारसी—कबाबा-सर्द चीनी
अरबी—कबाब, उरमाद
बंगाली—कांकला
नेपाली, पहाड़ी—ककोला

गुण

सर्द चीनी चर्परी हलकी मुंह की दुर्गंधी को दूर करे कफ, वात और आंखों के रोगों को हटावे हृदय के लिए हितकारी भूख लगावे मंदाग्नि को दूर करें है वड़ी सर्द चीनी के गुण भी बराबर है॥

३३ सुपारी

नाम	गुण
संस्कृत— पुगीफल हिंदी—सुपारी बंगाली—सुपारी कर्णाटकी—अडकेमार अंग्रेजी—बेटल नेटपाम Betelnut Palm फारसी—पोपिल अरबी—फोफिल	सुपारी भारी शीतल रूखी कसैली कफ पित्त को दूर करने वाली और मुख की दुर्गंधी को दूर करे, कावज है दस्तों को बंद करे, मनीगाड़ी करे भूखबड़ा वे कची सुपारी• विप की तरां है और सुखी सुपारी अमृत के समान है इस लिए हमेशा सूकी सुपारी खानी चाहीए और पान के विना सुपरी खाने से सूजन औरपांडुरोगहोता है॥ मात्रा४ मासे

३४ शहतूत

नाम	गुण
संस्कृत—तूत हिंदी—शहतूत मरहटी—तूत गुजराती—तूत अंग्रेजी—मलबेरिफ Mulberies फारसी—शहतूत तुर्श-तूत शीरी अरबी—तूत	पके हुएशहतूत स्वादी ठंडे पित्त और वात को दूर करते हैं, कच्चे शहतूत भारी खट्टे, गर्म होते हैं इसके वृक्ष प्रायः बागों में होते हैं पत्र अंजीर की तरह तीन२ कंगूरे वाले और नीम के पत्तों की तरह चौतर्फी निशान होते हैं यह दो प्रकारके होते हैं एक को काले

शहतूत लगते हैं दूसरे को श्वेत इन के फल फली की तरह होते हैं फली बड़ी नर्म होती है खाने में बहुत स्वादी होती है॥

३५ शाल

नाम

संस्कृत—अश्वकर्ण
हिंदी—शाल, सांखु
बंगाली—शालगाछ
मरहटी—रालेचा
कर्णाटकी—सज्जरदामर
तैलंगी—पपचट्ट
अंग्रेजी—सालट्री
Sal Tree
लैटन—शोरियारोवष्टा
अरबी—साज

गुण

शाल के वृक्ष बडे २ होते हैं, पत्र भी बडे २ होते है शाल के गोंद को राल कहते हैं, शाल कई प्रकार की होती है तासीर गर्म खुश्क है काबज़ है बलगम और जैहर के फसाद को दूर करे है फोडा फुंसी और माट के लिए लाभ कारी है किरम योनी रोग और कान के रोगों को दूर करे है॥

२९ हरीड़

नाम

संस्कृत—हारीतकी
हिंदी—हरड़
बंगाली—हरीतकी
गुजराती—हरडे
कर्णाटकी—अणिलेय
तैलंगी—करकांप
अंग्रेजी—मेरोबिलेनस
लैटन—टरमिनेलिया
फारसी—हलेलेकलां, जीरेजर्वी असफर हलेलेजरद
अरबी—अहलीलज कावली अह-लीज असफरअहलीज अस्वद
नैपाली,पहाड़ी—हला

गुण

इसका वृक्ष बड़ा होता है पहाड़ों में पंजाब सरद और कावल में होती है इसके पत्ते अडूसे जैसे होते हैं फूल वारीक आम के बूर जैसे हरीड़ कई प्रकार की होती है फारसी में ३ प्रकार की गिनी जाती है हलेलेजरद, इसका जरद रंग होता है तासीर सर्द खुश्क दमाग, मेधा और सिरको ताकत देती है दस्तावर है खफकान के लियेलाभकारी है दूसरी कालीहरड़ इसका रंग काला होता है लहू साफ करे दस्तावर है बवासीर और तिली को दूर करे। तीसरी काबली हरीड मोहल दिल हैं बलगम सफरा और सौदा को दूर करे मिरगी लकवाके लिए भी लाभकारी है, मात्रा९ माशे। बदला-माजू

(३७) हलदी

नाम

संस्कृत—हरिद्रा
हिंदी—हलदी
बंगाली—हलुद
मरहठी—हलद
गुजराती—हलदर
करणाटकी—अरशिना
तैलंगी—पशप
अंग्रेजी—टर्मेरिक
Turmeric
लैटन—करक्युमालोगा
फारसी—ज़रद चोब
अरबी—उरुकुसुफर

गुण

हलदी, चरपरी, कड़वी देह की कांति को बढाने वाली कफ बात लहू का विकार कोढ, सोज, पांडु रोग पीनस और पित्त का नाश करे खुरक प्रमेह और त्वचा के रोगों को दूर करे अजीर्णता को हटावे है तासीर गर्म खुश्क है मात्रा ५ माशे ॥

हींग ५८

नाम	गुण
संस्कृत--हिंगु हिंदी--हींग बंगाली--हिंग मराठी--हिंग गुजराती--वघारनी करर्णाटकी--लेसु तैलंगी--इंगुरा लैटन--फेरुलानरथिकस अंग्रेजी--आसाफेटीड़ा फारसी--अंगेजा अरबी--हिलसीत नैपाली पहाड़ी--हिंग्री	हींग ईरान अथवा पंजाब में होती है दाग और पट्ठों के लिए लाभकारी है मिरगी फालज और रेशा को दूर करे मेदा और जिगर के रोगों को दूर करे आवाज साफ करे उदर रोग शूल, कफ, अफरा वादी, अजीर्ण को दूर करे भूत बाधा को हटावे गोले का नाश करे आंखों के लिए लाभकारी है और खांसी दूर करे इसको हमेशा शुद्ध करके इस्तमाल करो (किसी लोहे के पात्र में घी डालकर बीच हींग डालो और अग्नि पर रखदो जब लाल होजावे तो उतार लो शुद्ध हो जायगी) तासीर गर्म खुश्क है ॥

३१ हारसिंगार

नाम

संस्कृत–पारिजात, नालकुङ्कुम्
हिंदी–हार शिंगार
मरहटी–भाजकत
गुजराती–शियाली
अंग्रजी–शकेपर स्टोकड
लैटन–निकटेनथिस

गुण

इसके वृक्ष बनों में होते हैं फूल बड़े सुन्दर और फूल की डंडी केसरी रंग की होती है डँडी को पीसकर कपड़े रंगते हैं पत्ते इसके खरखरे होते हैं, पुष्टिकारक है इसके पत्तों का लेप दाद के लिये लाभकारी है इसकी छाल पान में रखकर खाने से खांसी दूर होती है, मात्रा १ माशे ॥

५० हंसपदी

नाम

संस्कृत–हंसपादी
हिंदी–हंसपदी
अंग्रेजी–पैउनहेर
फारसी–परशौशां
अरबी–शारुलजीन
नैपाली पहाड़ी–हंसपात

गुण

एक प्रकार का घास होता है पानी के पास बड़ी ठंडी जगह पर उत्पन्न होता है इसकी जड लाल और कोमल पत्ते हरे और बहुत छोटे होते हैं तासीर मोतदिल है भारी शीतल है लहू विकार अति-सार आदि को दूर करे बलगम, सौदा, सफरा को दस्तों के रास्ते निकाले पेशाब जारी करे तप, दमा, खांसी को दूर करे मात्रा १ तोला ॥

बदला—गुलबनफशा वा मुलठी।

४१ केतकी

नाम

संस्कृत– केतकी
हिंदी–केवड़ा
फारसी–करज
अरबी–कादी
पंजाबी–केवड़ा

गुण

केवड़ा बागों में और जल के निकट अधिक होता है इसके फूलका अर्क निकाला जाता है जो दिल और दिमाग को ताकत देता है गर्मी दूर करता है लहू साफ करे थकावट को हटाए इसका शर्बत चीचक और खसरे के लिए लाभकारी है पीली केतकी आंखों को फायदा करती है॥

बदला–संदल लाल

४२ ककड़ सिंगी

नाम

संस्कृत—कर्कट शृंगी
हिंदी—ककड़ सिंगी
बंगाली—काकड़ा सिंगी
मराठी—काकड़ सिंगी
गुजराती—काकड़ा सिंगी
कर्णाटकी—कर्कट शृंगी
तैलंगी—कर्कट शृंगी
लैटन—पेशंटशिवा

गुण

एक तरह का दरखत का फल है जो बाहिर से सींग की तरां मालूम होता है इस का दरखत केले जैसा होता है, कसैला भारी है वात हिचकी और अतिसार को दूर करे वालों को लाभकारी हैं खांसी दमां लहू का विकारी पित्त, तप, बलगम, किरम और प्यास और अरुची का नाश करे रतूबत दूर करे बच्चों की हिचकी खूनी दस्त पियास और बलगम के फसाद को दूर करे भूख लगावे। तासीर गर्म खुश्क है।

४१ कटेरी

नाम

संस्कृत—कंटकारी
हिंदी—कटेरी भटकटैया
ममोलीयां
पंजावी-कंडयारी
वंगाली—कंटकारी
मरहटी—रिंगणी
गुजराती—वेटी भोरंगणी
कर्णाटकी—नेलगुलु
तैलंगी—रेवटी भलगा
लैटन—सेलेनं
नैपाली पहाड़ी—कंटकारी

गुण

एक प्रकार की घास है छत्ते की तरह पृथ्वी पर बहुत जगह उत्पन्न होती है फूल बैंगनी रंग के और तिरी पीले रंग की होती है पत्ते चितले और कांटेदार होते हैं फल कचे हरे और पकने पर पीले हो जाते हैं सफेद फूलों की कटेरी भी इसी तरह की होती हैं चरपरी है अग्नि प्रदीपक कड़वी रूखी पाचक, हलकी है स्वास, खांसी, कफ, वात, तप, पेट के रोग और शूल को नाश करे है श्वेत कटेरी आंखों के लिये लाभकारी है। तासीर गर्म खुश्क है ॥

नाम

संस्कृत--करवीर, श्वेतकरवीर
रक्तकरवीर
हिंदी--सफैद कनेर, पीली कनेर
लाल कनेर
बंगाली--करवी-लाल करवी
मरहटी--कानैर, पांडरी तांबडी,
पिवली
गुजराती--कणेर
कर्णाटकी--चाकणलिगे
तैलंगी--कनेर चेड्ड
अंग्रेजी--स्वीट सकन्टिड
लैटन- रीयंग्रोडोरम
फा॰ --खरजेहरा
अ॰ ा--सुमुल, हिमारदकली
नैपाली पहाडी--कलेहरवा

गुण

कनेर सर्व स्थानों पर उत्पन्न होती है इसको लाल, गुलाबी, श्वेत पीले और काले फूल लगते हैं लाल पीले और श्वेत फूल की कनेर बहुत स्थानों पर लगती है इस में विष होता है इसको खान कभी नहीं चाहिए तासीर गर्म खुश्क हैं। स्वाद कोड़ा कसैला होता हैं श्वेत कनेर प्रमेह, कोढ, फोड़ा और बवासीर को दूर करती है और आंखों के लिये लाभकारी है लाल कनेर का लेप कोढ को दूर करता है, पीली अथवा काली कनेर के गुण भी श्वेत कनेर के सामान हैं मात्रा ५ माशे ॥

५२ काला दाना

नाम

संस्कृत--कृष्णाबीज
हिंदी--कालादाना
बंगाली--नीलकलमी
अंग्रेजी--पेलबलुई पोमिया
लैटन--फार बटिसनील
अरबी--हुबअलनील

गुण

एक मशहूर बीज है रंगकाला तासीर गर्म खुश्क है जमाल गोटे की जगांइस को अधिक इस्तमाल करते हैं, यह जमाल गोटे जैसा तेज़ और दस्तावर नहीं हैं, काला-दानाशरीर को स्वच्छ करे दस्तावर है पेट के रोग, तप, मस्तक के रोग, कोढ आदि को दूर करे और बलगम को दूर करे सुदा खोले पुराने ज़ख्मों के लिए लाभ कारी है दर्द और खारश को दूर करे ॥ मात्रा २ मासे

५६ कुचला

नाम	गुण
संस्कृत—कारस्कर हिंदी—कुचला बंगाली—कुंचिले मरहटी— काजरा गुजराती—झेर कोंचला करनाटकी—कांजिवार तैलंगी—मुंशदि गुंजा अंग्रेज़ी—पाईज़ननट लैटन—सटरिकनाश फारसी—इफ़गाकी अरबी—कातिल अलकरब	एक दरखत के फल का बीज है रंग काला पलतन पर इस के वृत्त मध्यम आकार के वनों में होते है पते पान के समान और फल नारंगी के समान होते हैं, इनके बीजों को कुचला कहते हैं तासीर गर्म, खुशक है कुचले को शुद्ध किए विना कभी इस्तमाल नहीं करना चाहिये ॥ कोढ़ लहू का विकार पांडु रोग फोड़ा बवासीर आदि को दूरकरे पट्ठे की बिमारियों के लिए भी लाभ कारी है. पथरी तोड़े इस का लेप दाद और खुर्क को दूर करता है ॥

४७ कमरख

संकृत—करमरंग
हिंदी—कमरख
बंगाली—कामरांगा
मरहटी—करमरे
गुजराती—कमरक खाटा
अंग्रेजी—कैरमबोला
लैटन—एवरहोया

इस का दरखत बहुत सुंदर होता है इस को चार पांच धार वाले फल लगते हैं कच्चे सबज और पकने पर पीले हो जाते हैं तासीर सर्द खुशक है कावज है सफरा की तेजी को दूर करे पियास बुझाए सफरावीके और दस्त बंद करे स्वाद खट्टा होताहै।

४८ कंघी

नाम

संस्कृत—अतिबला
हिंदी—ककहिया
पंजाबी—कंघी
मरहटी—विकंकती
गुजराती—खपाटय
कर्णाटकी—मुलुदुरुवे
अंग्रेजी—इंडियन मेलो
लैटन—इथ्युटीलन इंडकम
नैपालीपहाड़ी—अतिबला
फारसी—दरखतशाना
अरबी—मशत अलंगूल

गुण

एक प्रकार का घास है करीब दो गज के लंबाहोता है फूल पीले और पत्ते सबज़ होते हैं तासीर गर्म खुशक है सीने के रोग, बवा सीर सोज और पित्त के लिये लाभकारी है, काबज़ है पेशाब जारी करे इस के बीज ताकत देते हैं, इस की पत्ती कमर दर्द को दूर करती है इस की कली दांत की दर्द हटाती है ॥ कंघी को दूध और मिश्री के साथ खाने से परमेह रोग दूर होता है सुआद खट्टा कौड़ा होता है मात्रा ५ मासे ॥ बदला ऊट कटारा ॥

नाम

संस्कृत—कपिकच्छु
हिंदी—कौंच
बंगाली—आलकुशि
मरहटी—कुहिलीचेंबीज
गुजराती—कडचो
कर्णाटकी—नसुगुन्नी
तैलंगी—पिलिअड्डगु
अंग्रेजी—कौहेज़
लैटन—म्युक्युना

गुण

कौंच की बेल होती है फूल सेम की तरा होते हैं फली भी सेमकी तरह होती हैं फलियोंपर लूं होते हैं इसके लूं शरीर पर लगने से खुरक शुरू होजाती है फलियों में से बीज निकलते हैं स्वाद अच्छा होता है मनी उत्पन्न करता है और गाड़ा करता है वात, कफ और लहू के विकार को दूर करता है सोज को हटावे और इमसाक करे है और ताकत दे है यदि इस का बीज दो टोटे कर के बिच्छू के डंग पर लगायो तो विष दूर हो जाता है मात्रा-६ मासे ॥ बदला-उटंगण बीज ॥

५० कुटकी

नाम

संस्कृत—कटुका
हिंदी—कुटकी
पंजाबी—कौड़
बंगाली—कुटकी
मरहटी—कुटकी
गुजराती—कडु
कर्णाटकी—केदार
तैलंगी—कटकरोहिणी
अंग्रेजी—ब्लाक हलोबोर
लैटन—हेलेबोरी
फारसी—खरबके स्याह
अरबी—खरबक अस्वदु
खरबक अवीयद

गुण

एक प्रकार की जड़ है फूल नीले दो प्रकारके गुच्छों में पत्ते अंडे के आकार जैसे नीचे का भाग बड़ा और बगल खंडत होती है इस की जड़ के अंदर मकड़ी के जाले जैसा होता है तासीर गर्म खुशक है, श्वेत कुटकी बलगम और सफरा को दस्तों की राह निकाले मेदा साफ करे अधरंग मिरगी और सरसाम को दूर करे दिल को फैदा दे बलगम पित्त, तप, प्रमेह, दमा, काम लहू का विकार दाद कोढ और किरम का नाश करे अग्नि दीपक और दस्तावर है। काली कुटकी भी दस्तावर है पुराने नजले को हित कारी है इसको गर्म दूधसे धोकर औषधि में इस्तमालकरनाचाहिए, मात्रा६ रत्ती से ६मासेतक ॥

५२ कमल

नाम	गुण
संस्कृत–पुंडरीक, रक्तपदम नीलपदम पंजाबी–नीलोफर हिंदी–कमल फारसी–नीलोफर, गुलनीलोफर अरबी–गुलनीलोफर करंबुलमा, वरद नीलोफर	कमल ठंडा है देह को सुंदर करे रक्त विकार को दूर करे सुगंधिदायक तप, कफ, पित्त, पियास थकावट आदि को दूर करे नींदलाए गरमी के सिर दर्द को हटाए दस्तों के लिए लाभ कारी है, मूल, नाल, पत्तों सहित

खिड़े कमल को पद्मनी कहते हैं यहठडी है स्तनों को दृढकरे कफ पित्त लहू के विकार को दूर करे तासीर ठंडी तर है मात्रा १० मासे

बदला—खतमी

कचूर ५३

नाम	गुण
हिंदी--कचूर, कालीहलदी मराठी--कचेरा, नरकचौरा गुजराती--कचूरी अंग्रेज़ी--लौंग जैडसअरों फारसी--जरंवाद अरबी–एरकुल काफ़ूर	यह झाड़ी की तर्ग उत्पन्न होता है इसके पत्ते हलदी कीतरां होते हैं इस के नीचे गांठ होती है इस गांठ को सुकाते हैं इसी गांठ को कचूर कहते हैं। कचूर कौड़ा चरपरा गरम अग्नि दीपक

सुगन्धित है ववासीर, घाव · खांसी, गोला, कफ, ज्वर, तिर्ली आदि रोगों का नाश करे हलका है मुँह साफ करे और दस्तावर है। तासीरगर्म खुश्क है मात्रा ३ मासे ॥

नाम

संस्कृत–कुसुम्भ बीज
हिंदी–कुसुम
बंगाली–कुसुम
मराठी–करडींचे
गुजराती–कुशुंबो
कर्णाटकी–कसुंभ
तैलंगी–लतुक
अंग्रेजी–आफिसिनलकारथेमस
लैटन–टिंकटोरीयस
फारसी–गुलेमारकर, तुख्म का-
यशा
अरबी–अखरीज हबुलअसफर

गुण

एक प्रकार का मशहूर गजभर लंबा बूटा होता है इसको कंडे लगते हैं इसके फूलों को कुसुम कहते हैं तासीर गर्म खुश्क है स्वाद तलख होता है मुवाद को पकावे जिगर को ताकत देता है जमे हुए लहू को हरकत देता है बलगम को दूर करता है नींद लाता है। मात्रा ३ माशे है ॥

५६ कुड़ा

नाम	गुण
संस्कृत–कुटज हिंदी–कुड़ा बंगाली–कुडची मरहटी–कुडा गुजराती–कडों तैलंगी–अंकेलु अंग्रेजी–अबललिवड रोज़ब अरबी–तिवाज	कुड़ा चरपरा रुखा कसैला हलका है बवासीर, अतीसार कफ पियास और पित्त को दूर करे तिली को दूर करे अग्नि दीपक और हाजमा है इसके फूल ठंडे होते हैं कफ और कोढ़ को दूर करते हैं इसका बड़ा वृत्त होता है पत्ते राम फल के पत्तों की तरह

बड़े होते है फूल श्वेत इन में फली आती है श्वेत कुड़ के दूध में विष होता है इसको खाना नहीं चाहिये तासीर गर्म खुश्क है खाना नहीं चाहिये इस की छाल को कुड़ासक कहते हैं सब प्रकार के अतिसार को दूर करे ।

५६ कथ

नाम

संस्कृत–कपित्थ
हिंदी–कैथ
बंगाली–कयेदगाछ
मराठी–कविठ
गुजराती–कोंट
कर्णाटकी–बेलुल
अंग्रेजी–वुडऐपल ऐलीफैंट ऐपल

गुण

कैथ तमामहिन्दुस्तान में अकसर करके होता है पत्ते इसके चिकने श्वेत और छोटे २ होते हैं इसकी कली बरसात में खिलती है स्वाद इसका खट्टा कसैला होता है खांसी अतीसार वमन पेट के रोग और कफ रोग को दूर करता है इसके फल शीत ऋतु में पक जाते हैं इसके पत्ते वमन, अतीसार और हिचकी को दूर करते हैं काबज है तासीर सर्द खुश्क है ॥

नाम

संस्कत—करंज
हिंदी—करंज
बंगाली—हदर करंज
मराठी—चापड़ा करंज
कर्णाटकी—नापसीयमरनु
अंग्रेजी—समूथ लिवड पोनगेमिया

गुण

करंज के बड़े २ वृक्ष बनों में होते हैं इसके फूल आसमानी रंग के होते हैं और फल भी झुमके दार नीले रंग के होते हैं पत्तों में दुर्गन्ध आती है करंज छे सात प्रकार का होता है इसके फल हलके गर्म सिर रोग वात, कफ, कोढ़, ववासीर और प्रमेहको दूर करते हैं आंखों के लिये लाभकारी हैं योनी दोष गोला पेट के रोग और चमड़े के रोगों को दूर करता है पत्ते दस्तावर होते हैं ॥

५७ किकरात

नाम

संस्कृत–किकरात रामसचूर
हिंदी–किकरात
मराठी–देवयाभूल
गुजराती–रामयात्ल
फारसी–पथिलान

गुण

किकरात शीतल हलका कौड़ा कफ,' पित्त पियास रक्त विकार सोज वमन और किरम रोग को दूर करे है पियास हराता है, कोढ का नाश करे गरमी को दूर करे तप, वमन और विष को दूर करे है ॥

५६ करोंदा

नाम	गुण
संस्कृत--करमर्दक हिंदी--करोंदा बंगाली--करमचा मरहटी--गोडाकरवन्दा गुजराती--करमदी कर्णाटकी--करिजिगे अंग्रेजी--जासमिनफलावर्ड केरिया	इस के वृक्ष अकसर करके बागों में होते हैं पत्ते नींबू जैसे फूल श्वेत और सुगन्धित जूही की तरह होते हैं फलों के गुच्छे बेरी जैसे होते हैं श्वेत और नोक लाल होती है। दूसरे कच्चे आधे सबज आधे लाल होते हैं।

पकने पर काले होते हैं दोनों प्रकार के करोंदे खट्टे गरम भारी पियास को बुझाने वाले होते हैं पके हुए हलके ठंडे रक्त विकार को दूर करने वाले और दस्तों को बंद करते हैं सूखे करोंदे के गुण पके करोंदे के समान हैं तासीर सर्द खुश्क है ॥

नाम

संस्कृत—करपासी, कालांजनी
हिंदी—कपास, रुई (वड़ेवें)
बंगाली—करपास
मरहटी—कापशी
अंग्रेजी—काटन
फारसी—कुतुन पंवेदना
अरबी—कुतुब्बुल कुतुन

गुण

कपास सारे हिन्दुस्तान में होती है इस के फूल पीले और बीच से लाल होते हैं इसमें तीन कोने फल लगते हैं इनमें से कपास निकलती है एक काली कपास होती है इसके फूल और वड़ेवे काले होते हैं तासीर गर्म वात को दूर करने वाली है इस के पत्ते लहू और मूत्र को वड़ाने वाले और कानकी दर्द को दूर करते हैं इसके बीज (वड़ेवें) दूध और वीर्य को बढ़ाते हैं और भारी हैं ॥

६१ करंजुवा

नाम	गुण
संस्कृत—कंटकरंज हिंदी—करंजुवा अंग्रेजी—बौंडकनट फारसी—खाय. इवलीस अरबी—अक्त, मक्त	कौड़ा है प्रमेह, बवासीर. वात और किरम का नाश करे सोज हटावे बगदे लहू को रोके. पुराने तप को हटावे मुवाद को पकावे इसके वृक्ष माली लोग वाड़ी की

जगह लगादेते हैं यह बेल की तरह होता है इसके फलों पर कंडे होते हैं इनमें से चार पांच दाने निकलते हैं इन को करंजुवा कहते हैं गिरी कौड़ी होती है तासीर गर्म खुश्क है ॥

६२ कुलंजन

नाम	गुण
संस्कृत—कुलंजन हिन्दी—कुलीजन अंग्रेजी—ग्रेटर गेलंगल फारसी—खिरदारु अरबी—खोलिंजान	कुलंजन चरपरा कौड़ा अग्नि दीपक स्वर को सुधारे मुख और कंठ को साफ करे कफ, खांसी और वात का नाश करे हाजमा है ताकत देवे कमर दर्द गुर्दा

और फालज के लिए लाभकारी है इसका दरख्त होता है देखने में दाख की बेल की तरह मालूम होता है इसकी जड़ को कुलंजन कहते हैं तासीर गर्म खुश्क है मात्रा ३ माशे ।

बदला—दालचीनी व कबाबा ॥

६३ खसखास

नाम

संस्कृत—खरबीज
हिंदी—खसखास
बंगाली—खाकसी
अंग्रेजी—पोपिकासीडस
फारसी—तुखमे कोकनार
अरबी—हबुल कोकनार

गुण

खसखास ठंडी है काबज है नींद लाए जोड़ों को सुस्त करे फेफड़े की खुश्की को दूर करे गरम खुष्क खांसी और तपदिक को दूर करे शरीर मोटा करे इसके अधिक सेवन से पुरषत्वा नष्ट होती है इसका तेल नींद लाता है सिर दर्द को दूर करे दमाग को ताकत दे पोस्त के दानों को खसखास कहते हैं मात्रा ६ माशे॥

बदला—कद्दू के बीज।

६४ अर्जुन

नाम

संस्कृत—अर्जुन
हिंदी—कोह, कौह
बंगाली—अर्जुनगाछ
मरहटी—सारढोल
गुजराती—कडायो
तैलंगी—मद्दिचेट
कर्णाटकी तारेमति

गुण

इसके वृक्ष बड़े २ लम्बे और ऊंचे वनों में होते हैं इस के पत्ते लंबे और गोल अनीदार होते हैं इस की छाल श्वेत रंग की होती है और बीच से दूध निकलता है सुआद कसैला है बल देने वाला कफ, पित्त थकावट, पियास प्रमेह दिल के रोग पांडुरोग मेधे का बढ़ना रक्त विकार पसीना और स्वास रोग का नाश करे इसकी छाल का चूर्ण ताकत देता है और जरयान के लिए लाभकारी है॥

नाम	गुण
संस्कृत–खदिर, श्वेत खदिर हिंदी–खैर, सफेद खैर (कथ्था) बंगाली–खयेर गच्छ मराठी–खैर पांडरा खैर गुजरती–खैरीयो गोर्ड कर्णाटकी–केपिग्खैर तैलंगी–चंडचेट्ट	ठंडा है दांतो को मज़बूत करता है कौडा कसैला है खांसी बद हज़मी किरम, प्रमेह, फोड़ा कोड़ रक्त विकार पांडु रोग और कफ को दूर करे है श्वेत खैर कौड़ा कसैला चरपरा कोढ भूत बाधा कफ वात और फोडेको दूर करे –इस का गोंद बल देने वाला

वीर्य बढ़ाने वाला मुखरोग कफ और रक्त विकार कोदूर करताहै।

९९ गिलो

नाम

संस्कृत—गुड़ची
हिंदी—गिलोय
बगाली—गुलंच
मरहटी—गुलवेल
कर्णाटकी—अमृतवल्ली
अंग्रेजी—गुलांचा
फारसी—गिलाई
अरबी—गिलोई
नैपाली पहाड़ी—गडग्र गुरजो

गुण

इस की बेल वृक्षों पर फैल जाती है इस के पत्ते पान के पत्तों के साथ मिलते हैं इस के पत्ते और डंडी काम आती है ॥ गिलो कौड़ी कसैली है ज्वर, पियास वमन वात, प्रमेह, पांडू-रोग को दूर करने वाली है रसायन है ताकत देनेवाली खांसी, कोढ़, किरम खूनी ववासीर पित्त और कफ को दूर करती है गिलो का सत स्वादी हलका दीपन नेत्रों के लिए लाभ कारी वीर्य बढ़ाने वाला पांडु रोग तीव्र ज्वर, वमन, ज्वर, कामला - प्रमेह, प्रदर रोग, आदि को दूर करे गिलो के छोटे २ टुकड़े करके पानी में २ दिन तक भिगोदो फिर छानणी में छानकर रखदो फिर दूसरे दिन उसके ऊपर का पानी बड़ी होशियारी से उतारदो फिर नीचे जो गाढ़ी रह जाय उसको धूप में सुखा लो वही सत बन जाएगा ॥

६७ गजपीपल

नाम

संस्कृत—गजपीपल
हिंदी—गजपीपल
बंगाली—गजपिपल
गुजराती—गजपीपर
तैलगी—पेदापिपलु

गुण

